**भारतीय सेना अभ्यर्थियों से धार्मिक शिक्षक (जूनियर कमीशंड अफ़सर) की भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है।**

**वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण सूचना।**

| |
|---|
| **भारतीय सेना में चयन पूरी तरह 'निष्पक्ष और पारदर्शी' होता है तथा केवल मेरिट के आधार पर किया जाता है। चयन या भर्ती के किसी भी चरण में किसी को रिश्वत न दें। उम्मीदवारों भर्ती एजेंट बनकर ठगने वाले असामाजिक तत्वों के झांसे में न आएं। परीक्षा क्षेत्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी।** |

1.**भर्ती वर्ष 2027 के लिए धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशंड अफ़सर की चयन प्रक्रिया निम्न चरणों में की जाएगी:-**

1.1 **भाग I** – अर्हता मापदंड, शारीरिक एवं चिकित्सीय मानक।

1.2 **भाग II** – Join Indian Army पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थियों का पंजीकरण।

1.3 **भाग III** – ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा।

1.4 **भाग IV** – भर्ती रैली (शारीरिक दक्षता परीक्षण / शारीरिक माप परीक्षण / चिकित्सा जांच)।

1.5 **भाग V** – व्यक्तिगत साक्षात्कार।

1.6 **भाग VI** – अंतिम मेरिट और प्रशिक्षण के लिए बुलावा।

1.7 **भाग VII** – अभ्यर्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश।

**भाग I : पात्रता मापदंड, शारीरिक एवं चिकित्सीय मानक**

**अर्हता मानदंड**

2.**आयु सीमा**

2.1. **असैन्य अभ्यर्थी :** 25–34 वर्ष (01 जुलाई 2027 तक)। जो अभ्यर्थी **01 जुलाई 1993 से 01 जुलाई 2002** के बीच जन्मे हैं (दोनों तिथियां शामिल), वे आवेदन करने के पात्र हैं।

2.2. **सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी :** उपर्युक्त पैरा 2.1 के समान आयु मापदंड लागू होंगे।

**टिप्पणी :** भर्ती रैली के दौरान प्रारंभिक दस्तावेज़ जांच में अभ्यर्थियों को जन्म प्रमाण पत्र / 10वीं की मार्कशीट प्रस्तुत करनी होगी।

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

3. **शैक्षणिक योग्यता.** धार्मिक शिक्षक (जूनियर कमीशंड अफ़सर) के लिए अभ्यर्थियों का चयन निम्नलिखित योग्यता के अनुसार किया जाएगा :-

* न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता इस प्रकार है:-

3.1. **धार्मिक शिक्षक पंडित और पंडित गोरखा (गोरखा रेजिमेंट).** हिंदू अभ्यर्थी के पास UGC मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **संस्कृत में शास्त्री / आचार्य** होना चाहिए, साथ ही निम्न धार्मिक योग्यता में से एक होनी आवश्यक है :-

शास्त्री / आचार्य में **'करम कांड'** मुख्य विषय के रूप में हो।

**या**

'करम कांड' में **एक वर्ष का डिप्लोमा**

3.2. **धार्मिक शिक्षक ग्रंथी.** सिख अभ्यर्थी के पास UGC मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए। साथ ही पंजाबी में **"ज्ञानी (Gyani)"** होना आवश्यक है।

3.3. **धार्मिक शिक्षक मौलवी.** मुस्लिम अभ्यर्थी के पास UGC मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए।साथ ही**अरबी में आलिम** या **उर्दू में अदीब-ए-माहिर / उर्दू माहिर** होना चाहिए।

3.4. **धार्मिक शिक्षक पादरी.** ईसाई अभ्यर्थी के पास UGC मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए। साथ ही उचित चर्च प्राधिकरण द्वारा **पादरी के रूप में अभिषिक्त (ordained)** होना चाहिए और स्थानीय बिशप की स्वीकृत सूची में नाम होना चाहिए।

3.5. **धार्मिक शिक्षक बौद्ध.** बौद्ध अभ्यर्थी के पास किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए। साथ ही उचित प्राधिकरण द्वारा **भिक्षु / बौद्ध पुजारी**के रूप में अभिषिक्त होना चाहिए। "उचित प्राधिकरण" का अर्थ उस मठ के **मुख्य पुजारी** से है जहाँ व्यक्ति को पुजारी बनाया गया हो। मुख्य पुजारी के पास **खानपा का Geshe (Ph.D), अथवा लोपोन या राजबाम** की उपाधि तथा मठ का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**टिप्पणी:** सभी अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होनी चाहिए। ये योग्यता सेवा में कार्यरत और असैन्य दोनों अभ्यर्थियों पर समान रूप से लागू हैं। **BA संस्कृत / MA संस्कृत मान्य नहीं है।** केवल UGC मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **शास्त्री / आचार्य** की डिग्री ही मान्य है।

4. **न्यूनतम शारीरिक मानक.**

| क्रम संख्या | क्षेत्र | लंबाई (सेमी में) | न्यूनतम वज़न (किलोग्राम) | अधिकतम वज़न (किलोग्राम) आयु : 25 - 30 वर्ष | अधिकतम वज़न (किलोग्राम) आयु : 30 -34 वर्ष | सीना (सेमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **शारीरिक मापदंड** | | | | | | |
| 1 | सामान्य के लिए | 160 | 50 | 58.9 | 61.4 | 77 |
| 2 | गोरखाओं और लद्दाख क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए | 157 | 48 | 56.7 | 59.2 | 77 |
| 3 | अंडमान-निकोबार, मिनिकॉय सहित लक्षद्वीप समूह के लिए | 155 (केवल स्थानीय) | 50 | 55.3 | 57.7 | 77 |

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

5. **चिकित्सीय मानक (Medical Standards)**.

5.1. अभ्यर्थी का शरीर मजबूत और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। छाती अच्छी तरह विकसित हो तथा कम से कम 5 सेंटीमीटर सांस लेने के बाद फुलनी चाहिए। दोनों कानों से सुनने की क्षमता सामान्य हो। पर्याप्त प्राकृतिक दांत होने चाहिए, अर्थात **14 डेंटल पॉइंट्स** और मसूड़े स्वस्थ हों। अभ्यर्थी को हड्डियों की विकृति, हाइड्रोसील, वैरिकोज़ वेन्स या बवासीर जैसी बीमारियाँ नहीं होनी चाहिए।

5.2. सेवा में कार्यरत सैनिक या रीमस्टरिंग (Remustering) अभ्यर्थियों की मेडिकल कैटेगरी **SHAPE-1** होनी चाहिए। **ऐसे अभ्यर्थियों को भर्ती रैली के समय मेडिकल परीक्षा से छूट मिलेगी।** सैन्य अभ्यर्थी को उस सैन्य चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा हस्ताक्षरित मेडिकल कैटेगरी प्रमाण पत्र जमा करना होगा जहाँ वह सेवा दे रहा है, तथा उस पर यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर के काउंटर साइन होने चाहिए।

## भाग II : Join Indian Army पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थियों का पंजीकरण

6. **ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया.**

6.1. आवेदन केवल **Join Indian Army पोर्टल** के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा।

6.2. सभी अभ्यर्थी **www.joinindianarmy.nic.in** पर लॉगिन करके अपनी पात्रता जांचें और प्रोफाइल बनाएं।

6.3. इस नोटिफिकेशन के लिए अभ्यर्थी केवल **एक बार** आवेदन करें।

6.4. अभ्यर्थी के पास सक्रिय **ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर** होना चाहिए, जिनका उपयोग आगे की जानकारी के लिए किया जाएगा।

6.5. वेबसाइट पर केवल **हाल की (recent) फोटो** अपलोड करें। यदि फोटो चेहरे से मेल नहीं खाती, तो अभ्यर्थी को ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा (CEE) में बैठने नहीं दिया जाएगा।

6.6. अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के **पांच विकल्प** देने होंगे। इन्हीं के आधार पर केंद्र आवंटित करने का प्रयास किया जाएगा।

6.7. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक श्रेणी के लिए आवेदन करता है, तो परीक्षा केंद्र उसी के अनुसार मिलेगा जो पहली श्रेणी के पंजीकरण में चुना गया है। अलग-अलग श्रेणी के लिए अलग विकल्प नहीं दिए जाएंगे।

**टिप्पणी: पंजीकरण के समय भरा गया स्थान परीक्षा केंद्र के लिए है, सेना भर्ती कार्यालय (Army Recruiting Office) के लिए नहीं।**

6.8. अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार भारतीय सेना को पांच विकल्पों के अलावा अन्य परीक्षा केंद्र देने का अधिकार है। ऐसे में अभ्यर्थी को निर्धारित से अलग स्थान पर परीक्षा देनी पड़ सकती है।

6.9. परीक्षा केंद्र या चयन परीक्षा की तारीख बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6.10. ऑनलाइन CEE **हिंदी, अंग्रेजी और 11 क्षेत्रीय भाषाओं** (मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, पंजाबी, ओड़िया, बंगाली, उर्दू, गुजराती, मराठी और असमिया) में आयोजित होगी। अभ्यर्थी को पंजीकरण के समय अपनी पसंद की भाषा चुननी होगी। बाद में बदलाव नहीं होगा। हालांकि परीक्षा के समय अंग्रेजी और हिंदी का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

6.11. **परीक्षा शुल्क.** ऑनलाइन परीक्षा के लिए **₹250** शुल्क देना होगा। आवेदन सफलतापूर्वक भरने के बाद अभ्यर्थी को भुगतान लिंक पर भेजा जाएगा। भुगतान उपलब्ध निम्नलिखित तरीको में से किसी के द्वारा भी किया जा सकेगा **:-**

6.11.1. क्रेडिट / डेबिट कार्ड **(Maestro, MasterCard, Amex, VISA, Rupay)**

6.11.2. इंटरनेट बैंकिंग

6.11.3. UPI

6.12. यदि अभ्यर्थी आवेदन वापस लेना चाहता है, तो पंजीकरण विंडो बंद होने के **48 घंटे के भीतर** ऐसा कर सकता है और फीस वापस कर दी जाएगी।

6.13. डुप्लीकेट, अधूरा या गलत भरा हुआ आवेदन **रद्द** कर दिया जाएगा।

6.14. ऑनलाइन CEE के लिए **एडमिट कार्ड** Join Indian Army पोर्टल पर जारी होंगे। अभ्यर्थी वेबसाइट के लिंक पर क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर भी सकते हैं। अभ्यर्थी को लॉगिन के लिए **यूज़र नेम (जो कि अभ्यर्थी का रोल नंबर है)** और SMS/ईमेल से प्राप्त पासवर्ड डालना होगा।

6.15. परीक्षा अलग-अलग दिनों में कई शिफ्ट में होगी। परीक्षा का समय और रिपोर्टिंग समय एडमिट कार्ड में दिया जाएगा। अभ्यर्थी समय से पहले पहुंचने की योजना बनाएं।

6.16. जो अभ्यर्थी निर्धारित तारीख और समय पर उपस्थित नहीं होंगे, उन्हें **दूसरी तारीख नहीं दी जाएगी**।

7. **केवल सेवारत अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन.**

7.1. सेवारत अभ्यर्थी वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर पंजीकरण करें, आवेदन भरें और दिए गए परीक्षा केंद्र जो कि स्वयं उनके द्वारा चुना गया स्थान है वहां पर ऑनलाइन CEE में शामिल हों।

7.2. साथ ही, अधिसूचना के **Appendix 'A'** में दिए गए प्रारूप के अनुसार आवेदन करें और आवश्यक दस्तावेजों के साथ इसे अपने यूनिट के **कमांडिंग अफ़सर/ अफ़सर कमांडिंग** से अनुमोदित कराकर संबंधित रिकॉर्ड ऑफिस भेजें।

7.3. रिकॉर्ड ऑफिस इस आवेदन को अभ्यर्थी के स्थायी निवास के निकट स्थित **हेडक्वार्टर रिक्रूटिंग ज़ोन** को भेजेगा।

7.4. अभ्यर्थी स्वयं भी आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन की एक अग्रिम प्रति सीधे संबंधित हेडक्वार्टर रिक्रूटिंग ज़ोन को भेजे।

7.5.रिकॉर्ड ऑफिस के माध्यम से भेजा गया आवेदन भर्ती रैली शुरू होने से पहले हेडक्वार्टर रिक्रूटिंग ज़ोन तक पहुंच जाना चाहिए।

7.6. **लिफाफे पर लिखें:** लिफाफे के ऊपर लाल स्याही से **"APPLICATION FOR JCO (RT)"** लिखें।

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

7.7. आवेदन हाथ से लिखा हुआ या टाइप किया हुआ **A4 साइज पेपर** पर निर्धारित प्रारूप (Pro Forma) के अनुसार होना चाहिए और संबंधित **हेडक्वार्टर रिक्रूटिंग ज़ोन** को भेजा जाए। इन जोन्स/रेजिमेंटल सेंटर्स के डाक पते नोटिफिकेशन के अंत में दिए गए हैं।

7.8. आवेदन पत्र में दिए गए स्थान पर **हाल ही की पासपोर्ट साइज फोटो** (बिना सनग्लासेस) लगाएं। Polaroid कैमरा या कंप्यूटर प्रिंट फोटो स्वीकार नहीं होगी। एक अतिरिक्त **स्व-अभिप्रमाणित (self-attested)** फोटो भी आवेदन के साथ जमा करें।

7.9. जिस अभ्यर्थी का आवेदन पहले अस्वीकार हो चुका है, वह यदि योग्य है और आयु सीमा में है, तो दोबारा आवेदन कर सकता है।

7.10. अधूरा आवेदन **रद्द** कर दिया जाएगा।

8. **धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशंड अधिकारी (RT JCO) भर्ती की श्रेणियां.**

| क्रम संख्या | श्रेणी | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | पंडित | केवल हिंदू अभ्यर्थी |
| 2 | पंडित (गोरखा रेजिमेंट) | केवल हिंदू (गोरखा) अभ्यर्थी |
| 3 | ग्रंथी | केवल सिख अभ्यर्थी |
| 4 | मौलवी (सुन्नी) | केवल मुस्लिम (सुन्नी) अभ्यर्थी |
| 5 | पादरी | केवल ईसाई अभ्यर्थी |
| 6 | बौद्ध भिक्षु (महायान) – लद्दाख स्काउट्स | केवल बौद्ध अभ्यर्थी |

## भाग III : ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा (CEE)

9. अभ्यर्थियों को पूरे भारत में निर्धारित **कंप्यूटर आधारित टेस्ट सेंटर** पर ऑनलाइन CEE देना होगा।

9.1. एडमिट कार्ड डाउनलोड करें और परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए उसका **रंगीन प्रिंटआउट** साथ लाएं। एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देश ध्यान से पढ़ें और उनका पालन करें।

9.2. परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार परीक्षा समय से **1.5 घंटे पहले** खुलेंगे और **30 मिनट पहले** बंद हो जाएंगे। गेट बंद होने के बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा।

9.3. परीक्षा केंद्र पर **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** लाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केंद्र पर निम्न प्रक्रियाएं होंगी:-

9.3.1. प्रवेश द्वार पर जांच (Frisking)

9.3.2. एडमिट कार्ड और आधार कार्ड की जांच

9.3.3. परीक्षा हॉल का स्वतः आवंटन

9.3.4. हॉल गेट पर उपस्थिति दर्ज

9.3.5. बायोमेट्रिक डेटा कैप्चर

9.3.6. कंप्यूटर टर्मिनल पर लॉगिन आईडी

9.3.7. निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षा देना

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

9.3.8. बाहर निकलने से पहले एग्जिट बायोमेट्रिक

9.4. ऑनलाइन टेस्ट **माउस क्लिक आधारित**, वस्तुनिष्ठ (Objective) और **MCQ** प्रकार का होगा। आवेदन की श्रेणी के अनुसार अभ्यर्थियों को निर्धारित समय में प्रश्नों का उत्तर देना होगा। अभ्यास के लिए सैंपल पेपर वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर उपलब्ध है।

9.5. **अंकन प्रणाली.**

9.5.1. हर सही उत्तर पर **पूरा अंक** मिलेगा।

9.5.2. बिना प्रयास किए गए प्रश्न पर **कोई अंक नहीं**।

9.5.3. जो प्रश्न attempted हैं, उन्हें मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा (भले ही review के लिए मार्क किया हो)।

9.6. ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंको को सामान्यकृत किया जाएगा (सी ई ई) अगर परीक्षा एक से अधिक सत्रों में आयोजित की जात)ी हैमें प्रश्न पत्र के कठिनाई स्तर में ताकि विभिन्न सत्रों ( भिन्नता को ध्यान में रखा जा सके।

9.7. नकल या अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पकड़े जाने पर परीक्षा रद्द कर दी जाएगी और अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।

9.8. रफ शीट परीक्षा हॉल से बाहर ले जाना मना है। बाहर पाए जाने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

10. **प्रश्न पत्र पैटर्न.** ऑनलाइन परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे और प्रश्न पत्र दो भागों में होगा :-

| **पेपर** | **अधिकतम अंक** | **कुल प्रश्न** | **प्रति प्रश्न अंक** | **नेगेटिव मार्किंग** | **समय** |
|---|---|---|---|---|---|
| पेपर-I (सामान्य जागरूकता) | 100 | 50 | 2 | नहीं | 1 घंटा |
| पेपर-II (धार्मिक विषय – अभ्यर्थी की श्रेणी के अनुसार) | 100 | 50 | 2 | नहीं | 1 घंटा |
| **कुल समय: 2 घंटे** | | | | | |

11. **न्यूनतम उत्तीर्ण अंक (Passing Marks).** पेपर-I में केवल अर्हता प्राप्त (क्वालिफाई) करनी होगी और सभी अभ्यर्थियों के लिए यह समान है। पेपर-I और पेपर-II दोनों में **कम से कम 40% अंक** लाना अनिवार्य है। सफल अभ्यर्थियों को उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार **शारीरिक दक्षता परीक्षण (PFT) / शारीरिक मापदंड परीक्षण (PMT) / चिकित्सा जांच** के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। मेरिट लिस्ट बनाते समय पेपर-I के अंक नहीं जोड़े जाएंगे।

**टिप्पणी: केवल ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण होना इस बात की गारंटी नहीं देता कि अभ्यर्थी** को भर्ती रैली) **शारीरिक दक्षता परीक्षण (PFT) / शारीरिक मापदंड परीक्षण (PMT) / चिकित्सा जांच** में एशामिल होने के लिए बुलाया जा येगा ।

## भाग IV : भर्ती रैली

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

**(शारीरिक दक्षता परीक्षण (PFT) / शारीरिक मापदंड परीक्षण (PMT) / चिकित्सा जांच)**

12. जिन अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर हुआ है और जिन्हें शॉर्टलिस्ट किया गया है, उनके रोल नंबर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए **Join Indian Army की वेबसाइट** पर प्रकाशित किए जाएंगे। इन अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया के शेष चरणों के लिए Army Recruiting Office (ARO) की रैली अनुसूची के अनुसार दूसरा एडमिट कार्ड प्राप्त होगा। भर्ती प्रक्रिया के दूसरा चरण का एडमिट कार्ड अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन लॉगिन प्रोफाइल के माध्यम से Join Indian Army वेब पोर्टल **www.joinindianarmy.nic.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। चयनित किए गए अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय पर दूसरे चरण के लिए निर्दिष्ट भर्ती रैली स्थल पर निम्नलिखित मूल दस्तावेज/प्रमाणपत्रों के साथ उनकी दो स्व-अभिप्रमाणित (self-attested) फोटोकॉपी लेकर उपस्थित होना होगा :-

12.1. **एडमिट कार्ड.** अच्छी गुणवत्ता के कागज पर प्रिंट करें (साइज छोटा न करें)।

12.2. **फोटो.** पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो की **20 कॉपी** (सफेद बैकग्राउंड, 3 महीने से पुरानी नहीं)। कंप्यूटर, फोटोकॉपी या फोटोशॉप की फोटो स्वीकार नहीं होगी। फोटो में सही हेयरकट और क्लीन शेव होना चाहिए (सिख अभ्यर्थियों को छोड़कर)।

12.3. **शैक्षणिक प्रमाण पत्र.**

12.3.1. अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त सभी शैक्षणिक योग्यताओं जैसे मैट्रिक/इंटरमीडिएट आदि के अंकपत्र सहित शिक्षा प्रमाणपत्र किसी मान्यता प्राप्त स्कूल/कॉलेज/बोर्ड/विश्वविद्यालय से होने चाहिए।

12.3.2. अस्थायी/ऑनलाइन शिक्षा प्रमाणपत्र संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख द्वारा स्याही से हस्ताक्षरित और प्रमाणित होना चाहिए।

12.3.3. जिन अभ्यर्थियों के पास ओपन स्कूल से मैट्रिक प्रमाणपत्र है, उन्हें BEO/DEO द्वारा काउंटरसाइन किया हुआ स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट साथ लाना चाहिए।

12.4. **निवास प्रमाण पत्र (Domicile)** फोटो सहित, तहसीलदार / जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी।

12.5. **जाति प्रमाण पत्र** अभ्यर्थी की फोटो सहित, तहसीलदार / जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी।

12.6. **कॉलेज चरित्र प्रमाण पत्र** जिस कॉलेज में आखिरी बार पढ़ाई की हो, उसके प्रिंसिपल द्वारा जारी।

12.7. **चरित्र प्रमाण पत्र** ऑनलाइन CEE पास करने के बाद, भर्ती रैली में **ग्राम सरपंच / नगर निगम** द्वारा जारी फोटो सहित चरित्र प्रमाण पत्र लाना होगा। रैली के दौरान लाए जाने वाले दस्तावेज़ों के संबंध में अलग से निर्देश दिए जाएंगे।

12.8. **संबंध प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)** *(सेवारत सैनिक के पुत्र/ पूर्व सैनिक के पुत्र/ वीर नारी के पुत्र/ शहीद सैनिक की बिधवा के पुत्र आदि के लिए)*

12.8.1. संबंध प्रमाणपत्र (Relationship Certificate) केवल संबंधित रिकॉर्ड ऑफिस द्वारा जारी होना चाहिए और उस पर रिकॉर्ड अधिकारी के हस्ताक्षर, आर्मी नंबर, रैंक, नाम तथा प्रमाणपत्र जारी करने वाले रिकॉर्ड अफ़सर का विवरण, कार्यालय की मुहर/स्टाम्प सहित अंकित होना चाहिए। संबंध प्रमाणपत्र पर संबंधित रिकॉर्ड का वॉटरमार्क भी होना चाहिए।

12.8.2. अभ्यर्थी को रैली स्थल पर दस रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर ESM द्वारा तैयार

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

किया गया शपथ पत्र (Affidavit) जमा करना होगा, जिस पर प्रथम श्रेणी/कार्यकारी/न्यायिक मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर हों। **शपथ पत्र का प्रारूप परिशिष्ट 'B' के अनुसार संलग्न है।**

12.8.3. भूतपूर्व सैनिक (Ex-Servicemen) की मूल डिस्चार्ज बुक भी प्रस्तुत करनी होगी। इसमें अभ्यर्थी का नाम और जन्म तिथि दर्ज होना अनिवार्य है।

12.9. **शपथ पत्र (Affidavit) :** अभ्यर्थी द्वारा Rs 10/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर नमूने के अनुसार हस्ताक्षरित तथा नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र रैली स्थल पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। **शपथ पत्र का प्रारूप परिशिष्ट 'C' के अनुसार संलग्न है।** रैली में प्रवेश पाने के लिए शपथ पत्र जमा करना अनिवार्य है। बिना शपथ पत्र के अभ्यर्थी को रैली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

12.10. **पैन कार्ड एवं आधार कार्ड** : वेतन, भत्तों और अन्य सामाजिक लाभ योजनाओं के उद्देश्य से अंतिम नामांकन हेतु पैन कार्ड और आधार कार्ड अनिवार्य दस्तावेज हैं।

12.11. पुलिस द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाणपत्र।

12.12. सरपंच/नगर सेवक द्वारा निर्गत निवास प्रमाण पत्र (Residence Proof)।

13. **शारीरिक दक्षता परीक्षण (PFT)** : चयन प्रक्रिया के भाग के रूप में अभ्यर्थी को PFT से गुजरना होगा। अभ्यर्थियों को सभी शारीरिक दक्षता परीक्षणों में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। PFT में प्राप्त अंक अंतिम मेरिट तैयार करते समय शामिल नहीं किए जाएंगे। निम्नलिखित परीक्षण निर्धारित मानकों के अनुसार आयोजित किए जाएंगे :-

| **क्रम** | **शारीरिक दक्षता परीक्षण** | |
|---|---|---|
| 1. | 1.6 किमी दौड़ | अधिकतम समय 08 मिनट |
| | | **नोट:** पहाड़ी क्षेत्रों में 1.6 किमी दौड़ के लिए अतिरिक्त समय का प्रावधान:<br>1. 5000 फीट तक – जैसा ऊपर दिया गया है।<br>2. 5000 फीट से 9000 फीट के बीच – अतिरिक्त 30 सेकंड।<br>3. 9000 फीट से 12000 फीट के बीच – अतिरिक्त 120 सेकंड। |

14. **चिकित्सा जांच (Medical Examination):**

14.1. जो अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण और शारीरिक माप परीक्षण (केवल ऊंचाई, वजन और छाती) में उत्तीर्ण होंगे, उनकी चिकित्सा जांच रैली स्थल पर सेना की मेडिकल टीम द्वारा वर्तमान सेना चिकित्सा मानकों और नीतियों के अनुसार किया जाएगा। शारीरिक माप परीक्षण (PMT) के दौरान कम वजन या अधिक वजन वाले अभ्यर्थी आगे की भर्ती प्रक्रिया में शामिल रहेंगे और उनका वजन फिर से सेना की मेडिकल टीम द्वारा जांचा जाएगा। वजन मापदंड में चिकित्सकीय रूप से अयोग्य पाए गए अभ्यर्थियों को निकटतम मिलिट्री हॉस्पिटल/कमांड हॉस्पिटल/बेस हॉस्पिटल में मेडिकल समीक्षा (रिव्यू) के लिए रिपोर्ट करने हेतु 21 दिन का समय दिया जाएगा।

14.2. रैली स्थल पर अयोग्य घोषित अभ्यर्थियों को मिलिट्री हॉस्पिटल (MH)/बेस हॉस्पिटल (BH)/कमांड हॉस्पिटल (CH) में विशेषज्ञ द्वारा समीक्षा (Review) का अवसर दिया जाएगा। जो अभ्यर्थी समीक्षा चिकित्सा परीक्षा का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित मिलिट्री हॉस्पिटल/बेस हॉस्पिटल/कमांड हॉस्पिटल में रिपोर्ट करना होगा। अभ्यर्थियों को रैली मेडिकल परीक्षा के बाद 21 दिनों के भीतर या मेडिकल ऑफिसर द्वारा तय की गईतिथि पर MH/BH/CH में उपस्थित होना होगा। MH/BH/CH का स्थान ARO/मेडिकल ऑफिसर द्वारा ई-मेल या SMS के माध्यम से अभ्यर्थियों को सूचित किया जाएगा।

14.3. प्रारंभिक मेडिकल परीक्षा, रिव्यू मेडिकल और भर्ती से पहले होने वाली मेडिकल जांच में

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

अभ्यर्थी को फिट या अनफिट घोषित करने का अंतिम अधिकार भर्ती मेडिकल अफ़सर और सशस्त्र बलों के विशेषज्ञ डॉक्टरों का होगा। सेना के मेडिकल मानक सिविल मानकों से अलग हो सकते हैं। **रिव्यू मेडिकल के बाद किसी भी प्रकार की अपील या पुनः समीक्षा का प्रावधान नहीं है।**

14.4**.** मेडिकल परीक्षा पास करना भारतीय सेना में नौकरी की **गारंटी नहीं** है।

14.5. **अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि चयन के लिए आने से पहले विशेष रूप से फ्लैट फुट (समतल पैर), कमजोर दृष्टि, शारीरिक विकृतियों और शारीरिक मापदंडों के संबंध में अपना मेडिकल जांच करवा लें। सभी को यह भी सलाह दी जाती है कि रैली से पहले डॉक्टर से अपने कानों की सफाई करवा लें ताकि उनमें मैल (वैक्स) न हो।**

14.6. **मेडिकल की वैधता :** यदि रैली के दौरान हुए मेडिकल जांच और भर्ती के बीच **270 दिन या उससे अधिक** का अंतर हो जाता है, तो मेडिकल फिर से होगा। इस रिव्यू में अनफिट पाए गए अभ्यर्थी भर्ती नहीं होंगे।

14.7. कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग की अनुमति नहीं है।

**नोट : भारतीय सशस्त्र बलों से किसी भी कारण से डिस्चार्ज किए गए अभ्यर्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र नहीं हैं।**

## भाग V : व्यक्तिगत साक्षात्कार (Interview)

15. **साक्षात्कार.**

15.1. जो अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण (PFT) / शारीरिक मापदंड परीक्षण (PMT) / चिकित्सा परीक्षा पास करेंगे, उन्हें उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

15.2. मेरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के नाम वेबसाइट www.joinindian army.nic.in पर प्रकाशित होंगे। इन अभ्यर्थियों का इंटरव्यू अफ़सरों के बोर्ड द्वारा, जैसा लागू हो, जबलपुर तथा वाराणसी में होगा।

15.3. ग्रंथी पद के लिए **कीर्तन करने की क्षमता** अनिवार्य होगी, जिसका मूल्यांकन इंटरव्यू बोर्ड करेगा।

15.4. इंटरव्यू में पास होने के लिए **100 में से कम से कम 50 अंक (50%)** लाना जरूरी है।

15.5. अंतिम चयन, पेपर-II और साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची पर होगा।

## भाग VI : अंतिम मेरिट और प्रशिक्षण के लिए बुलावा

16. अंतिम मेरिट अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा (पेपर II, जो अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किए गए धार्मिक संप्रदायों के अनुसार होगा) और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों के लिए मेरिट सूची अलग से बनाई जाएगी।

17. सफल अभ्यर्थियों को रेजिमेंटल सेंटर में आगे की ट्रेनिंग के लिए ईमेल / कॉल लेटर द्वारा सूचित किया जाएगा।

## भाग VII : अन्य महत्त्वपूर्ण निर्देश

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

## भर्ती की शर्तें

18. चयनित अभ्यर्थियों को जूनियर कमीशंड अफ़सर (धार्मिक शिक्षक) के रूप में नामांकित किया जाएगा और उन्हें BEG एवं सेंटर, किरकी में छह सप्ताह का बेसिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किए गए धार्मिक संप्रदायों के अनुसार पुणे स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंटीग्रेशन (INI) में 11 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कराया जाएगा।

19. प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर अभ्यर्थियों को मौजूदा नियमों और शर्तों के अनुसार नायब सूबेदार के पद पर धार्मिक शिक्षक (Religious Teacher) के रूप में नियुक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी चरण पर अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।

20. सभी नियम एवं शर्तें, रिक्तियां और चयन प्रक्रिया समय-समय पर बदल सकती हैं। **केवल पुरुष अभ्यर्थी** ही आवेदन कर सकते हैं।

21. **अभ्यर्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश**

21.1. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक/चिकित्सा मानकों और कार्य विवरण (जॉब स्पेसिफिकेशन) से संबंधित विवरण **www.joinindianarmy.nic.in**=पर अभ्यर्थी के लॉगिन सेक्शन में उपलब्ध हैं, और इस जानकारी को अभ्यर्थी बिना साइन इन किए भी देख सकते हैं।

21.2 "कैसे रजिस्टर करें और आवेदन करें" तथा "ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा (CEE) में कैसे शामिल हों" विषय पर एनिमेटेड वीडियो www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध हैं।

21.3. अभ्यर्थियों को उनकी श्रेणी के अनुसार ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (CEE) का अभ्यास करने के लिए Join Indian Army (JIA) वेबसाइट पर श्रेणी-वार लिंक उपलब्ध कराया गया है। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वास्तविक कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (CEE) में शामिल होने से पहले कम से कम एक बार अभ्यास अवश्य करें।

21.4. अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड का रंगीन प्रिंटआउट लेकर पहुँचना होगा। परीक्षा स्थल पर प्रारंभिक सत्यापन या चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि अभ्यर्थी के बारे में कोई विसंगति/अनियमितता/गलत जानकारी पाई जाती है, तो अभ्यर्थी को ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होने से वंचित कर दिया जाएगा।

21.5. अभ्यर्थियों को चयन परीक्षा (Phase-I, II एवं III) और मेडिकल टेस्ट के लिए रिपोर्ट करते समय पहचान प्रमाण के रूप में अपना आधार कार्ड (जैसा एडमिट कार्ड पर प्रदर्शित है) साथ रखना चाहिए।

21.6. **पंजीकरण हेतु हेल्प डेस्क** : पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रश्नों के समाधान के लिए एक हेल्प डेस्क उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी हेल्प डेस्क नंबर **9513252885** पर संपर्क कर सकते हैं, **जो सोमवार से शनिवार (राष्ट्रीय अवकाश को छोड़कर) सुबह 0900 बजे से 1330 बजे तक और 1400 बजे से 1700 बजे तक कार्यरत होंगे।** ऑनलाइन आवेदन से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए wm.joinindianarmy@gov.in पर ई-मेल भेजा जा सकता है। हेल्प डेस्क **30 जनवरी 2026 से 30 जून 2026** तक कार्यरत रहेगा।

22. **अतिरिक्त निर्देश**

22.1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की सूची UGC की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

22.2. आयु पात्रता तय करने की प्रभावी तिथि **01 जुलाई 2027** मानी जाएगी।

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

22.3. अभ्यर्थी का **व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अनिवार्य** है। सभी सूचनाएं जैसे शॉर्टलिस्ट, कॉल लेटर, जॉइनिंग निर्देश, परिणाम आदि इन्हीं पर भेजे जाएंगे। ईमेल और मोबाइल नं. किसी के साथ साझा न करें। भविष्य के उपयोग हेतु **यूज़र नेम व पासवर्ड याद रखें।** (गलत या बदले हुए नंबर/ईमेल के कारण सूचना न मिलने पर ARO जिम्मेदार नहीं होगा।) डाक (पोस्ट) से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।

22.4. अभ्यर्थी का अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम और जन्मतिथि **10वीं के प्रमाण पत्र के अनुसार** ही भरें।

22.5. संपर्क विवरण और स्थायी पता एसडीएम/डीएम द्वारा जारी **अस्थायी/स्थायी निवास प्रमाण पत्र** के अनुसार ही दर्ज करें।

22.6. सरकारी नौकरी कर रहे अभ्यर्थी इंटरव्यू के समय अपने नियोक्ता से प्राप्त **अनापत्ति प्रमाण-पत्र - No Objection Certificate (NOC)** जमा करें।

22.7. **यदि रैली से 10 दिन पहले तक एडमिट कार्ड न मिले, तो अपने जिले के सेना भर्ती कार्यालय (ARO) से संपर्क करें**।

22.8. रैली स्थल पर प्रवेश केवल सरकारी वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in से **ऑनलाइन जारी एडमिट कार्ड (दो प्रतियों में)** दिखाने पर मिलेगा। नकली एडमिट कार्ड मिलने पर अभ्यर्थी को सिविल पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

22.9. अभ्यर्थियों को रैली आयोजनकर्ता सेना भर्ती कार्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों को विनिर्दिष्ट समय पर रैली स्थल पर रिपोर्ट करना है। विनिर्दिष्ट समय के बाद तथा बिना उचित कारण के रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों को रैली में सम्मिलित नहीं होने दिया जाएगा। **अभ्यर्थियों को दाढ़ीम-ूँछ** हटाकर**सिख )** **क्लिन (अभ्यर्थियों को छोड़करशेव आना है ।**

22.10. पहचान के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है और रैली के दौरान बायोमेट्रिक सत्यापन होगा। आधार आर्ड की जानकारी, आवेदन और दस्तावेजों से मेल खानी चाहिए।

22.11. आवश्यक दस्तावेज न होने पर रैली में भाग लेने नहीं दिया जाएगा।

22.12. जिन प्रमाण पत्रों में कटिंग, छेड़छाड़ या बदलाव होगा, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।

22.13. यदि चरित्र प्रमाण-पत्र जारी करने वाले प्राधिकृत अधिकारी द्वारा फोटो प्रमाणित नहीं होगी तो चरित्र प्रमाण पत्र अस्वीकार कर दिया जाएगा।

22.14. रैली स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना मना है।

22.15. पहचान के लिए अभ्यर्थियों (सिख अभ्यर्थियों को छोड़कर) को **पूरी तरह शेव** (दाढ़ी, छाती, बगल, आदि के बाल हटाकर) और **क्रू हेयर कट** में आना होगा। अन्यथा भर्ती में भाग लेने से रोका जा सकता है।

22.16. अभ्यर्थियों को जरूरत के अनुसार 2–3 बार रैली स्थल पर आना पड़ सकता है। रहने की व्यवस्था स्वयं करें।

22.17. **रैली में केवल उसी तारीख को आएं जो एडमिट कार्ड में दी गई है।**

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

23. **टैटू (Tattoo) :** जनजातीय समुदायों / क्षेत्रों से संबंधित अभ्यर्थियों को उनके संबंधित जनजाति की प्रचलित परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार शरीर के किसी भी भाग पर स्थायी टैटू रखने की अनुमति है। ऐसे अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दो प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमति दी जाएगी:

23.1. अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित स्व-प्रमाणन (Self Certification) प्रमाण पत्र, जो **परिशिष्ट 'D'**के रूप में संलग्न है।

23.2. जनजातीय समुदाय से संबंधित होने तथा स्थायी शरीर टैटू की अनुमति का प्रमाण पत्र, जिस पर उस जिले/तहसील के DC/DM या SDM के हस्ताक्षर हों, जहां अभ्यर्थी की जनजाति वर्तमान में निवास करती है। (संबंधित अधिकारी का नाम और पद स्पष्ट रूप से उल्लेखित होना चाहिए।) जो **परिशिष्ट 'E'** के रूप में संलग्न है।

23.3. धार्मिक भावना वाले स्थायी टैटू केवल अग्रभाग (फोरआर्म) की अंदरूनी सतह यानी कोहनी के अंदर से कलाई तक तथा हथेली के उल्टे भाग/हाथ के पीछे (डॉर्सल साइड) पर ही अनुमत हैं। शरीर के किसी अन्य भाग पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं हैं और ऐसे अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

24. **प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाएं (Performance Enhancing Drugs) किसी भी प्रकार की प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाएं का उपयोग सख्त प्रतिबंधित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास उक्त वस्तु पाई जाती है या उसका सेवन प्रमाणित होता है तो अभ्यर्थी को तुरंत बाहर कर दिया जाएगा।**

25. आवंटित रेजीमेंटल कोर प्रशिक्षण केन्द्र/हेतु रिपोर्ट करने तथा नामांकन (Enrolment) प्रपत्र भरे जाने तक उनका चयन अस्थायी रहेगा।

26. **अंतिम परिणाम आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in=पर घोषित किया जाएगा।** अभ्यर्थियों को अलग से कोई पत्र नहीं भेजा जाएगा। अपना परिणाम देखना और आगे की औपचारिकताओं के लिए सेना भर्ती कार्यालय (ARO) में रिपोर्ट करना अभ्यर्थी की स्वयं की जिम्मेदारी है।

27. **दलाल (Touts) :** पूर्व में कई अभ्यर्थी दलालों, फर्जी दस्तावेजों और प्रतिरूपण (Impersonation) का शिकार पाए गए हैं, जिससे उनकी अभ्यर्थिता समाप्त हो गई। दलालों द्वारा अपनाए जाने वाले तरीके निम्नलिखित हैं :-

27.1. रैली के विभिन्न चरणों में फर्जी PFT स्लिप जारी करना / किसी और को अभ्यर्थी बनाकर खड़ा करना तथा नकली भर्ती रैलियां आयोजित करना।

27.2. प्रारंभिक चरण में फिट घोषित किए गए अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्र छीन लेना और बाद में उन्हें परेशान करना।

27.3. यह कहकर अभ्यर्थियों से "एडमिट कार्ड" ले लेना कि वे उनके परिणाम का अनुसरण करेंगे।

27.4. यह दावा करके कि उनके ऊंचे स्तर पर संपर्क हैं, अभ्यर्थियों को भर्ती का झूठा आश्वासन देना और उनका विश्वास जीतना।

27.5. जब कोई अभ्यर्थी अपनी मेहनत से चयनित हो जाता है, तो दलालमूल प्रमाण पत्र लौटाने के बदले पैसे मांगते हैं।

28. सेना में भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भर्ती के लिए किसी को रिश्वत न दें, क्योंकि चयन पूरी तरह योग्यता (मेरिट) के आधार पर होता है। भर्ती के सभी चरणों में चयन प्रक्रिया स्वचालित (ऑटोमेटेड) होती है। इसलिए अभ्यर्थी दलालों (बिचौलियों) से सावधान रहें, क्योंकि वे किसी भी चरण में मदद नहीं कर सकते।

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

29. रिश्वत देना या लेना, नकली/जाली प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना तथा अनुचित तरीकों का उपयोग करना एक आपराधिक गतिविधि है और कानून के अनुसार दंडनीय है। ऐसे अभ्यर्थियों को तुरंत सिविल पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा और उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

30. **सेना में नामांकन से पहले अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए सभी दस्तावेज सरकारी एजेंसियों द्वारा सत्यापित किए जाते हैं। नकली दस्तावेज जमा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भर्ती के बाद भी यदि किसी अभ्यर्थी के नकली दस्तावेज या गलत जानकारी देने का पता चलता है, तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी, चाहे उसने कितने भी वर्षों तक सेवा क्यों न दी हो।**

31. रैली के दौरान मृत्यु/चोट/हानि आदि के लिए कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा और यात्रा के लिए कोई यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता देय नहीं होगा। अभ्यर्थी अपने जोखिम पर रैली में भाग लेंगे और भागीदारी पूरी तरह स्वैच्छिक है। **क्षतिपूर्ति बंधपत्र (इंडेम्निटी बॉन्ड)** पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

32. **भर्ती मुख्यालयों के डाक पते (Postal Addresses of Recruiting Headquarters)**

| क्रम संख्या | पता | राज्य / केंद्र शासित प्रदेश और जिले |
|---|---|---|
| 1 | **मुख्यालय भर्ती जोन, अंबाला**<br>चंद्रशेखर मार्ग,<br>अंबाला कैंट – 133001 | हरियाणा (फरीदाबाद, गुरुग्राम, मेवात और पलवल को छोड़कर) तथा हिमाचल प्रदेश |
| 2 | **मुख्यालय भर्ती जोन, बेंगलुरु**<br>148, फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा रोड<br>बेंगलुरु – 560025 | कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप |
| 3 | **मुख्यालय भर्ती जोन, चेन्नई**<br>फोर्ट सेंट जॉर्ज,<br>चेन्नई – 600009 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और तमिलनाडु |
| 4 | **मुख्यालय भर्ती जोन, दानापुर**<br>दानापुर कैंट – 801503 | बिहार और झारखंड |
| 5 | **स्वतंत्र भर्ती कार्यालय, दिल्ली कैंट**<br>दिल्ली कैंट – 110010 | दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, मेवात और पलवल |
| 6 | **मुख्यालय भर्ती जोन, जबलपुर**<br>T-23 रिज रोड<br>जबलपुर – 482001 | छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश |
| 7 | **मुख्यालय भर्ती जोन, जयपुर**<br>शास्त्री नगर, पोस्ट बॉक्स नं.–35,<br>जयपुर, राजस्थान – 302016 | राजस्थान |
| 8 | **मुख्यालय भर्ती जोन, जालंधर**<br>जालंधर कैंट – 144005 | जम्मू-कश्मीर और पंजाब |
| 9 | **मुख्यालय भर्ती जोन, कोलकाता**<br>1 गोखले रोड,<br>कोलकाता – 700020 | ओडिशा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल |
| 10 | **मुख्यालय भर्ती जोन, लखनऊ**<br>236, एम.जी. रोड,<br>लखनऊ कैंट – 226002 | उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड |
| 11 | **मुख्यालय भर्ती जोन, पुणे**<br>3, राजेंद्र सिंह जी रोड<br>पुणे – 410001 | दादर और नगर हवेली, दमन और दीव, गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र |
| 12 | **मुख्यालय भर्ती जोन, शिलांग**<br>शिलांग – 793001 | अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा |

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

**अस्वीकरण (DISCLAIMER):**

| |
|---|
| **विज्ञापन में दिए गए नियम और शर्तें केवल दिशानिर्देश (Guidelines) हैं। चयनित अभ्यर्थियों पर समय-समय पर संशोधित किए गए सरकारी आदेश लागू होंगे।** |
| **ऑनलाइन CEE के लिए, भारतीय सेना अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित रखती है। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थियों को उनके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी अन्य परीक्षा केंद्र पर भी उपस्थित होने के लिए कहा जा सकता है।** |
| **भारतीय सेना बिना कोई कारण बताए चयन प्रक्रिया को किसी भी चरण पर पूरी तरह से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।** |
| **परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की कदाचार (Malpractices) या अनुचित साधनों (Unfair Means) में संलिप्त पाए गए अभ्यर्थियों को स्थायी रूप से प्रतिबंधित (Permanent Debarred) कर दिया जाएगा।** |
| **पंजीकरण (Registration) के दौरान दर्ज किया गया डेटा अंतिम माना जाएगा और बाद में किसी भी प्रकार का परिवर्तन अनुमत नहीं होगा। गलत जानकारी दर्ज करने पर अभ्यर्थिता (Candidature) अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।** |
| **अधिसूचना में किसी भी प्रकार की विसंगति या अस्पष्टता होने की स्थिति में, अंग्रेज़ी भाषा में जारी की गई अधिसूचना को ही अंतिम एवं बाध्यकारी माना जाएगा।** |

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

**परिशिष्ट 'A'**
(इस अधिसूचना के पैरा 7.2 के संदर्भ में)

**धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशंड अफ़सर {RT (JCO)} के लिए आवेदन प्रपत्र**
**(केवल पुनर्नियुक्ति/रीमस्टरेशन हेतु सेवारत सैनिक अभ्यर्थियों के लिए)**

**रोल नंबर** __________

**भाग–I: व्यक्तिगत विवरण**
***(बड़े अक्षरों में भरें)***

पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

(4.5 सेमी × 3.5 सेमी)

1. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में): ______________________
*(संक्षिप्त नाम का उपयोग न करें)*

2. पिता का नाम (बड़े अक्षरों में): ____________________

3. स्थायी घर का पता:
गांव/कॉलोनी/क्षेत्र ______________________________
डाकघर __________________________ तहसील/तालुक __________________________
जिला ____________________________ पिन ____________________________________
राज्य ____________________ STD कोड सहित फोन नंबर/मोबाइल नंबर __________

4. **वर्तमान यूनिट का पता:**
यूनिट __________________ पिन _________________________
मार्फत _________ सेना डाक घर
ई-मेल आईडी _________________ मोबाइल नंबर ________________________

5. **अगला उच्च गठन मुख्यालय (Superior Formation HQ):**
फॉर्मेशन मुख्यालय _______________ पिन ____________ मार्फत _________ सेना डाक घर

6. जाति/जनजाति_______________ धर्म __________________________
राष्ट्रीयता _________________ मातृभाषा ____________________

7. जन्म तिथि_____________
*(मैट्रिक प्रमाणपत्र की सत्यापित CTC/फोटोकॉपी संलग्न करें)*

8.वैवाहिक स्थिति : विवाहित / अविवाहित

9.धार्मिक संप्रदाय: __________________________________________________________
***(पंडित/ग्रंथी/पादरी/पंडित (गोरखा)/मौलवी (सुन्नी)/ बौद्ध भिक्षु)***

10.सेना में नामांकन की तिथि_______________

11.वर्तमान ट्रेड / वर्ग और वेतन समूह____________________

12.वर्तमान मेडिकल श्रेणी______________________________

13.पूर्व/वर्तमान रोजगार*(वर्तमान यूनिट से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' संलग्न करें)*

| **क्रम संख्या** | **नियोक्ता का नाम** (पूरा पता और टेलीफोन नंबर सहित) | **पद (Designation)** | **अवधि (Duration)** | **टिप्पणियां (Remarks)** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

DIRECTOR GENERAL OF REC

## भाग–II: अर्हता

14. **शैक्षणिक अर्हता (स्नातक सहित):**

| क्रम संख्या | परीक्षा | विषय | वर्ष | अध्ययन संस्थान | बोर्ड/विश्वविद्यालय | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

15. **धार्मिक शिक्षा योग्यता:**

| क्रम संख्या | परीक्षा | विषय | वर्ष | संस्थान | बोर्ड/विश्वविद्यालय | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**नोट:** प्रमाणपत्र/अंकपत्र की सत्यापित CTC/फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।

16. **भाषा योग्यता :**

| क्रम संख्या | भाषा | उत्तीर्ण परीक्षा | दक्षता | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | पढ़ना / लिखना / बोलना | |
| | | | पढ़ना / लिखना / बोलना | |

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

## भाग–III: घोषणा

17. मैं प्रमाणित करता हूँ कि:-

17.1. मैं जूनियर कमीशंड अफ़सर (धार्मिक शिक्षक) ______________________ श्रेणी के पद के लिए आवेदन कर रहा हूँ।

17.2. ऊपर दी गई जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है। यदि कोई जानकारी गलत/अधूरी/झूठी पाई जाती है, तो मैं अयोग्य घोषित किया जा सकता हूँ।

17.3. मुझे पूर्ण जानकारी है कि भर्ती एक निःशुल्क सेवा है और किसी एजेंसी को कोई पैसा देने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि मैंने भर्ती के लिए पैसा दिया है, तो मुझे अयोग्य घोषित किया जा सकता है या सेवा से हटाया जा सकता है।

17.4. स्क्रीनिंग और चयन प्रक्रिया के दौरान लगी किसी चोट/विकलांगता के लिए मैं कोई मुआवजा दावा नहीं करूँगा।

18. मैं घोषणा करता हूँ कि मैं निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की सत्यापित फोटोकॉपी जमा कर रहा हूँ:-

18.1. चरित्र / आचरण प्रमाणपत्र।

18.2. हाई स्कूल प्रमाणपत्र।

18.3. इंटरमीडिएट (10+2) प्रमाणपत्र।

18.4. स्नातक योग्यता प्रमाणपत्र।

18.5. धार्मिक अर्हता (संप्रदाय के अनुसार) के प्रत्येक वर्ष की विस्तृत अंकतालिका की फोटोकॉपी अलग-अलग संलग्न करें:

(i) प्रथम वर्ष (ii) द्वितीय वर्ष (iii) तृतीय वर्ष

**या**

धार्मिक विषय में स्नातकोत्तर (Post-Graduation) के प्रत्येक वर्ष की विस्तृत अंकतालिका की फोटोकॉपी अलग-अलग संलग्न करें:

(i) प्रथम वर्ष (ii) द्वितीय वर्ष

18.6. निवास प्रमाणपत्र (Domicile Certificate)।

दिनांक: (अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

**भाग–IV: CO/OC यूनिट की स्वीकृति**

19. अनुशंसित / अनुशंसित नहीं

दिनांक: (सीओ/ओसी यूनिट के हस्ताक्षर)

**भाग–V: रिकॉर्ड कार्यालय हेतु**

**20.** प्रमाणित किया जाता है कि संख्या _________________________ रैंक _______________________ नाम __________________________________ यूनिट ____________________ शाखा/सेवा ______________________ के विरुद्ध कोई "रेड इंक एंट्री" (अनुशासनात्मक दंड) दर्ज नहीं है।

**21.** अग्रेषित किया गया ______________________________________
*(संबंधित मुख्यालय भर्ती क्षेत्र / रेजिमेंटल सेंटर)*

दिनांक: (ओआईसी रिकॉर्ड्स के हस्ताक्षर)

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

**परिशिष्ट ‘B’**
*(इस अधिसूचना के अनुच्छेद 12.8.2 के संदर्भ में)*

**शपथ पत्र (AFFIDAVIT) का प्रारूप**

| **अभ्यर्थी और पिता/माता/भाई की संयुक्त फोटो - प्रायोजक द्वारा स्व-प्रमाणित** |
|---|

1. मैं, संख्या __________________ रैंक ________________ नाम ________________________________ (यूनिट) ______________________ यह घोषणा करता हूँ कि (अभ्यर्थी का नाम) __________________________ जिसकी फोटो ऊपर लगी है, मेरा पुत्र है।

2. अभ्यर्थी का विवरण निम्नानुसार है:-
   2.1. अभ्यर्थी का नाम:
   2.2. आवेदक से संबंध:
   2.3. पिता का नाम:
   2.4. माता का नाम:
   2.5. पता:
   2.6. जन्म तिथि _______________, जन्म प्रमाणपत्र संख्या ________________ जो ________________ (जारी करने वाली प्राधिकरण) द्वारा जारी किया गया है तथा मैट्रिक प्रमाणपत्र संख्या __________________ जो _________________________ शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किया गया है।

3. अन्य संतान (पुत्रों) का विवरण निम्नानुसार है:-

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **व्यवसाय** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **छात्र (कक्षा)** | **रोजगार** | |
| | | | **असैन्य** | **सैन्य** |
| | | | | |

4. मैं यह स्वीकार करता हूँ कि यदि ऊपर पैरा 1 से 3 में दी गई जानकारी किसी भी चरण में गलत/झूठी पाई जाती है, तो मुझे सेना अधिनियम या अन्य किसी कानून के तहत दंडित किया जा सकता है।

5. मुझे पूर्ण जानकारी है कि मैं अपनी संतान (बेटे) का नामांकन नियमित कैडर के अंतर्गत कर रहा/रही हूँ और वह योजना की शर्तों एवं नियमों का पालन करेगा।

दिनांक:

(सेवारत सैनिक / भूतपूर्व सैनिक के हस्ताक्षर)
*(आर्मी नंबर, रैंक, यूनिट का नाम)*

| **प्रथम श्रेणी न्याय पदाधिकारी या नोटरी के हस्ताक्षर** |
|---|

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

**परिशिष्ट 'C'**
*(इस अधिसूचना के अनुच्छेद 12.9 के संदर्भ में)*

**गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर (₹10)**
**(शपथ पत्र हेतु निर्धारित प्रारूप)**

1. मैं, ______________________ (अभ्यर्थी का नाम), ____________________ (पिता का नाम) का पुत्र, भारतीय सेना में धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशंड अफ़सर के रूप में नामांकन हेतु आवेदन करते समय अपने संबंध में निम्नलिखित शपथपूर्वक घोषित करता हूँ :-

1.1. मैं निम्नलिखित जाति/धर्म से संबंधित हूँ :-

जाति _________________ उप-जाति _____________________ धर्म _____________________

1.2. मेरे आवासीय पते निम्नलिखित हैं :-

1.2.1 **स्थायी घर का पता**

पिता का नाम _________________________ मकान संख्या _________________________
गांव/मोहल्ला _________________________ तहसील _______________________________
जिला _______________________________ राज्य _________________________________

1.2.2. **डाक पता**

पिता का नाम _________________________ मकान संख्या _________________________
गांव/मोहल्ला _________________________ तहसील _______________________________
जिला _______________________________ राज्य _________________________________

1.2.3. मुझे पूर्ण जानकारी है कि चयन होने पर मेरे चरित्र और पूर्ववृत्त (Antecedents) का विस्तृत सत्यापन पुलिस एवं सिविल प्रशासन द्वारा मेरे ऊपर दिए गए स्थायी पते तथा पिछले पाँच वर्षों के निवास स्थानों से किया जाएगा।

पिछले पाँच वर्षों में मेरे निवास स्थान निम्नानुसार हैं :-

| क्रम संख्या | से (From) | तक (To) | पूरा आवासीय पता (मकान नंबर, गली/सड़क, गांव/शहर/मोहल्ला, थाना, डाकघर, तहसील और जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |

1.3. मैं अविवाहित/विवाहित हूँ (जो लागू हो)।

मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि मैं किसी भी असैन्य/आपराधिक मामले में शामिल नहीं हूँ।

**या**

मैं निम्नलिखित मामलों में शामिल था, लेकिन बरी (Acquitted) हो चुका हूँ :-

_______________ _______________

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

**या**

मेरे खिलाफ निम्नलिखित कोर्ट केस / एफआईआर लंबित हैं :-

______________ ______________

1.4. मैंने किसी भी हिंसक विरोध, आगजनी या सरकारी संपत्ति के नुकसान में भाग नहीं लिया है।

पिता के हस्ताक्षर ______________

2. मुझे ज्ञात है कि प्रत्येक जिले के लिए एक भर्ती वर्ष (01 जनवरी से 31 दिसंबर) में केवल एक ही भर्ती रैली होती है। इसलिए मैं अपने गृह जिले के निवास/डोमिसाइल प्रमाणपत्र के आधार पर केवल एक बार ही भाग ले सकता हूँ। यदि मैं उसी भर्ती वर्ष में किसी अन्य जिले के प्रमाणपत्र के आधार पर दूसरी रैली में भाग लेता हूँ, तो मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और चयन होने पर मुझे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

3. मैं इस भर्ती में ________ (राज्य सरकार का नाम) द्वारा जारी निवास/डोमिसाइल प्रमाणपत्र के आधार पर भाग ले रहा हूँ, जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

| क्रम संख्या | प्रमाण-पत्र संख्या | जारी करने की तिथि | वैधता | जारी करने वाला प्राधिकरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |

4. पूर्व में मेरे पास रहे निवास/डोमिसाइल प्रमाणपत्र का विवरण (यदि कोई हो) :-

| क्रम संख्या | जिला | जारी करने वाला | जारी करने की तिथि | वर्तमान स्थिति (समाप्त/वैध) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

5. मैं प्रमाणित करता हूँ कि आज तक मैंने निम्नलिखित सेना भर्ती रैलियों/भर्ती अभियानों में भाग लिया है :-

| क्रम संख्या | भर्ती रैली स्थल | सेना भर्ती कार्यालय (ए आर ओ) | माह और वर्ष | आवेदन की श्रेणी | उपयोग किया गया निवास/डोमिसाइल प्रमाण-पत्र पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

6. मैं यह वचन देता हूँ कि मेरे द्वारा जमा किए गए सभी दस्तावेज सही हैं। सरकारी संगठन/कार्यालय द्वारा जारी सभी दस्तावेज अधिकृत सरकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हैं। यदि किसी भी चरण पर कोई दस्तावेज नकली पाया जाता है या मेरे द्वारा गलत जानकारी दी जाती है, तो मुझे सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है और मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**नोटरी के हस्ताक्षर** ________ **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर** ________

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING

**परिशिष्ट 'D'**
*(इस अधिसूचना के अनुच्छेद 23.1 के संदर्भ में)*

## बॉडी टैटू प्रमाणन

मैं, ___________________________ (अभ्यर्थी का नाम), ____________________ (पिता का नाम) का पुत्र, यह लिखित घोषणा करता हूँ कि मेरे शरीर पर ऊपर दिए गए फोटो के अनुसार टैटू है। मैं आगे यह भी घोषित करता हूँ कि भविष्य में मैं कोई अन्य टैटू नहीं बनवाऊँगा।

| |
|---|
| टैटू के फोटोग्राफ (पोस्टकार्ड के आकार का हो) – आकार 4" x 6" |

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

स्थान :

तिथि :

DIRECTOR GENERAL ... NG

**परिशिष्ट 'E'**
*(इस अधिसूचना के पैरा 23.2 के संदर्भ में)*

**जनजातीय समुदायों के अभ्यर्थियों के शरीर पर स्थायी टैटू के संबंध में प्रमाण पत्र**
**(प्रत्येक टैटू के लिए एक प्रमाण पत्र)**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि ____________________________ (अभ्यर्थी का नाम), जिनकी जन्म तिथि ____________________ है, ______________________________ (पिता/माता/अभिभावक का नाम) के पुत्र हैं और ___________________(जनजाति का नाम) समुदाय से संबंधित हैं, जो __________________ (जिले का नाम) जिला, ___________________ (राज्य का नाम) राज्य में स्थित है।

2. यह प्रमाणित किया जाता है कि __________________________ (अभ्यर्थी का नाम) के शरीर के निम्नलिखित भागों पर बना स्थायी टैटू __________________ जनजाति की वर्तमान परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार है और आज की तारीख में प्रचलित है :-

2.1. ________________________________

2.2. ________________________________

कुल टैटू की संख्या : ________ (अंकों में) _________ (शब्दों में)

3. परिशिष्ट 'D' के अनुच्छेद 2 में दिए गए प्रत्येक टैटू की पोस्टकार्ड आकार की फोटो सही है और भविष्य के संदर्भ/रिकॉर्ड के लिए नीचे संलग्न की गई है :-

| **टैटू का फोटोग्राफ** | **टैटू का विवरण** |
|---|---|
| यहाँ पोस्टकार्ड आकार (4" x 6") का फोटो चिपकाएँ, जिस पर अभ्यर्थी और इस प्रमाण पत्र को जारी करने वाले अधिकारी के अपने-अपने नाम सहित विधिवत हस्ताक्षर हों। कृपया स्टेपल पिन/क्लिप का उपयोग न करें। | टैटू का आकार – (सेंटीमीटर में)<br><br>भाषा – (यदि लागू हो)<br><br>टैटू का महत्व / अर्थ – (यदि लागू हो) |

**<u>नोट</u>:** प्रत्येक टैटू की अलग फोटो होगी, जिसमें उसका विवरण अलग-अलग दिया जाएगा। आवश्यकता होने पर अतिरिक्त पृष्ठ उपयोग किए जाएंगे और प्रत्येक पृष्ठ को अलग से सत्यापित (अटेस्ट) किया जाएगा।

स्थान :
दिनांक :

गोल मोहर लगाएं

हस्ताक्षर (नाम, पदनाम और मुहर सहित)
जिला कलेक्टर / जिला मजिस्ट्रेट / उपमंडल मजिस्ट्रेट (DC/DM/SDM)

**या**

हस्ताक्षर (नाम, पदनाम यदि हो, और पता सहित)
अध्यक्ष / सचिव / जनजाति के वरिष्ठ सदस्य
(मुहर सहित)

DIRECTOR GENERAL OF RECRUITING